ヒンディー語

潤水都市 さがみはら

सन् 2024

रात्रि कनिष्ठ उच्च विद्यालय में छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी

सगामिहारा सिटी म्युनिसिपल ओनो-मिनामी कनिष्ठ उच्च शाखा

स्थल का नाम: कानागावा सोगो-सांग्यो वरिष्ठ उच्च विद्यालय (1-11-1 बुंक्यो, मिनामी वार्ड, सगामिहारा)

रेवा के चौथे साल (2022) के अप्रैल में विद्यालय का उद्घाटन

भावी छात्रों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम (Nyugaku-kibousha-setsumei-kai)

सत्र 1	सन् 2023, 14 जुलाई (शुक्रवार) 18:00
सत्र 2	सन् 2023, 5 सतिम्बर (मंगलवार) 18:00
सत्र 3	सन् 2023, 4 अक्टूबर (बुधवार) 18:00
सत्र 4	सन् 2023, 13 अक्टूबर (शुक्रवार) 18:00

रात्रि कनिष्ठ उच्च विद्यालय में दाखिला लेने के इच्छुक आवेदकों के लिए सूचना सत्र आयोजित होगा। कानागावा प्रीफेक्चर के शहरों, कस्बों और गांवों (योकोहामा और कावासाकी को छोड़कर) के निवासी भाग ले सकते हैं।

※केवल एक ही बार प्रसारण की संभावना है।

स्थल का नाम: सगामिहारा सिटी म्युनिसिपल ओनो-मिनामी कनिष्ठ उच्च शाखा कक्षा
(कानागावा सोगो-सांग्यो वरिष्ठ उच्च विद्यालय में)

※नामांकन की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों को चार विवरण सत्रों में से किसी भी एक में भाग लेना होगा।

※यदि आप इनमें से किसी भी एक विवरण सत्र में भाग नहीं ले सके तो कृपया सगामिहारा सिटी बोर्ड ऑफ एजुकेशन से संपर्क करें।

※सूचना सत्र में भाग लेने के लिए पूर्व आवेदन आवश्यक होगा।(अधिक जानकारी के लिए पीछे देखें) कृपया स्वयं या अपने सहयोगी द्वारा आवेदन करें।

※यदि आपको उक्त अवसर पर दुभाषिया की आवश्यकता हो तो आवेदन के समय कृपया हमें परामर्श करें।

Night Junior High School
Escuela Secundaria Nocturna
Junior High School para sa gabi
初中夜校
야간 중학
夜間中学（やかんちゅうがく）
Escola Ginasial Noturna
Trường trung học cơ sở ban đêm
रात्रि कनिष्ठ उच्च विद्यालय
रात्री जुनियर हाई स्कूल
អនុវិទ្យាល័យពេលយប់
มัธยมศึกษาตอนต้นภาคค่ำ

पात्रता मापदंड:

आवेदकों की विद्यालय जाने योग्य आयु होना आवश्यक है (अर्थात, 1अप्रैल 2009 के पूर्व जन्म हुआ हो) और निमलिखित शर्तों में से किसी एक की पूर्तिकरण होनी चाहिए :

1. कोई भी जिसकी अनिवार्य शिक्षा पूरी किए बिना विद्यालय जाने की उम्र हो गयी हो।
2. कोई भी जिसको विभिन्न कारणों से पर्याप्त शिक्षा प्राप्त किए बिना ही कनिष्ठ उच्च विद्यालय से स्नातक किया हो।
3. विदेशी नागरिक और अन्य लोग जिन्होंने जापान में अनिवार्य शिक्षा के समकक्ष शिक्षा प्राप्त नहीं की है।

आप मुझे रात्रि कनिष्ठ उच्च विद्यालय के बारे में क्या बता सकते हैं?

- ये पब्लिक कनिष्ठ उच्च विद्यालयों की रात की कक्षाएं हैं।
- कोई शिक्षण शुल्क नहीं है, और सभी पाठ्यपुस्तकें निःशुल्क हैं।
- प्रत्येक विषय में विशेषज्ञता वाले कनिष्ठ उच्च विद्यालय के शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षित करेंगे।
- कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार तक आयोजित की जाएगी, जो शाम 5 बजे से शुरू और लगभग 9 बजे समाप्त होगी।
- यदि आप रात्रि कनिष्ठ उच्च विद्यालयों से स्नातक होते हैं तो आप एक कनिष्ठ उच्च विद्यालय डिप्लोमा प्राप्त करेंगे।

रात्रि कनिष्ठ उच्च विद्यालय के पहले दिन की समय सारणी

16 : 25～17 : 10	पूर्व कक्षा (केवल आवेदक की उपस्थिति)
17 : 15～17 : 20	पहली बैठक
17 : 25～18 : 10	प्रथम वादन (45 मिनट)
18 : 20～19 : 05	द्वितीय वादन (45 मिनट)
19 : 15～20 : 00	तृतीय वादन (45 मिनट)
20 : 10～20 : 55	चतुर्थ वादन (45 मिनट)
20 : 55～21 : 00	आख़िरी बैठक

भावी छात्रों के लिए उन्मूखीकरण कार्यक्रम के बारे में (Nyugaku-kibousha-setsumei-kai)

1 विवरण सत्र का अनुक्रम

(1) सगामिहारा सिटी बोर्ड ऑफ एजुकेशन का अभिनंदन
(2) रात्रि कालीन कनिष्ट उच्च विद्यालय का विवरण
(3) सवाल-जवाब सत्र
(4) व्यक्तिगत परामर्श

2 अग्रिम आवेदन के बारे में

(1) आवेदन की प्रक्रिया

- फ़ोन या पटल द्वारा
  हम सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेंगे।
- फैक्स या ई-मेल द्वारा English available
  कृपया निम्नलिखित जानकारियों को भरें और भेजें।
  ①प्रवेश लेने वाले आवेदक का नाम ②पता ③फ़ोन नम्बर ④भाग लेने की इच्छा रखने का दिन (⑤ यदि आपके साथ कोई सहयोगी उपस्थित रहेंगे तो उनका नाम)
  ⑥दुभाषिया की आवश्यकता
  ※केवल एक सहयोगी की अनुमति होगी।

(2) आवेदन की अवधि

सन् 2023, 3 जुलाई (सोमवार)～11 अक्टूबर (बुधवार)

※प्रत्येक विवरण सत्र की तारीख से एक दिन पहले तक आवेदन स्वीकार होंगे।

【प्रवेश लेने हेतु प्रक्रिया】

1 विरण सत्र में भाग लेना (चारों में से किसी भी एक सत्र में भाग लें)(14 जुलाई, 5 सितम्बर, 4 अक्टूबर, 13 अक्टूबर)

▼

2 आपकी स्थानीय नगरपालिका में पूर्व परामर्श

▼

3 प्रवेश के आवेदन पत्र की तैयारी

▼

4 सगमिहारा शहर में प्रवेश के लिए आवेदन जमा करें (अक्टूबर के अंत तक)

परीक्षण प्रवेश (आवेदक)
(30 अक्टूबर, 31 अक्टूबर, 1 नवंबर, 2 नवंबर)

5 विद्यालय में साक्षात्कार दें (नवंबर के दौरान)

▼

6 साक्षात्कार के परिणाम की अधिसूचना→प्रवेश निर्णय

आवेदन / पूछताछ के लिए संपर्क करें

एजुकेशन सेक्शन, सगमिहारा सिटी बोर्ड ऑफ एजुकेशन
टेलिफ़ोन : 042-704-8918 फैक्स : 042-758-9036
gakkokyouiku@city.sagamihara.kanagawa.jp